>

Title: Need to install container scanners on sea ports.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। सीमा पार से चलाये जा रहे आतंकवादी अभियानों के सम्बन्ध में यह सदन अनेक बार अपनी चिन्ता व्यक्त कर चुका है तथा सरकार द्वारा इस दृष्टि से किये जा रहे विभिन्न उपायों को भी सदन के माध्यम से देश को बताया जाता रहा है। परन्तु देश की सीमाओं पर सीमा पार से आने वाले सामान के बारे में किस प्रकार की घातक लापरवाही की जा रही है, मैं इसकी ओर सदन एवं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। दुनिया के सभी प्रमुख बन्दरगाहों पर कन्टेनर स्कैनर्स का प्रयोग किया जाता है ताकि कंटेनर को बिना खोले आयात या निर्यात किये जाने वाले सामान की पहचान हो सके। अपने देश में ऐसा स्कैनर केवल मुम्बई पोर्ट पर लगा हुआ है। मैं अभी लगभग तीन माह पहले मई मास में अमृतसर के पास भारत-पाक के बीच वाघा बार्डर गया था। बड़ी संख्या में वहां ट्रकों का आना-जाना होता है, परन्तु वहां भी कोई कंटेनर स्कैनर नहीं है।

महोदय, नेपाल जाने वाले कंटेनर्स को भारत सुरक्षित मार्ग प्रदान करता है। कोलकाता पोर्ट से लेकर नेपाल तक भारत का कस्टम विभाग कहीं भी इनकी जांच नहीं करता।

MR. CHAIRMAN: What do you want from the Government, please tell me? Do not quote others, please.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल : महोदय, मैं केवल दो वाक्य कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं। आतंकवादियों द्वारा अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए नेपाल के मार्ग का उपयोग करने की जानकारी हम सबको है। नेपाल जाने वाले इन कंटेनर्स की जांच के लिए स्कैनर्स न लगाना अत्यंत चिन्ताजनक है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि देश की सीमाओं पर आवागमन के प्रत्येक स्थान पर कंटेनर्स स्कैनर्स लगाये जायें ताकि किसी भी अवांछित सामान को देश में आने से रोका जा सके।

सभापति महोदय :

श्री अर्जुन राम मेघवाल अपने आपको श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।